## भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2026-2027)

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा - नवीं (२०२६ - २०२७)** | **विषय: मुहावरे (मध्यावधि परीक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित)** | **Date - 20-08-2026** |
| **कार्य-पत्रिका संख्या: 4** | | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम: __________________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ___________**

**<u>पाठ्य पुस्तक "गंगा" के निर्धारित पाठों के आधार पर मुहावरे और उनके अर्थ (वाक्य - सहित)</u>**

**प्रश्न -** निम्नलिखित मुहावरों का उनके सही अर्थ के साथ मिलान कीजिए:

| <u>**मुहावरे**</u> | <u>**अर्थ**</u> |
|---|---|
| 1. जान पर खेलना | 1. मन में स्थायी रूप से बस जाना |
| 2. नाक कटना | 2. बहुत कठिनाई होना |
| 3. दाँतों पसीना आना | 3. अपने विचार पर अडिग रहना |
| 4. आसमान सिर पर उठा लेना | 4. पुकारना / विनती करना |
| 5. दूर के ढोल सुहावने होना | 5. ख़ुशी के अवसर पर मिठाई खिलाना |
| 6. कान के परदे फटना | 6. जीवन को संकट में डालना |
| 7. मन में घर करना | 7. राहत महसूस करना |
| 8. पशोपेश में पड़ना | 8. व्यक्ति के बाद भी उसकी प्रसिद्धि बनी रहना |
| 9. धुन का पक्का होना | 9. अपमान होना |
| 10. संतोष की साँस लेना | 10. बहुत शोर मचाना |
| 11. गुहार लगाना | 11. बहुत थक जाना |
| 12. पसीना-पसीना होना | 12. दुविधा में पड़ना |
| 13. भ्रम में रखना | 13. धोखे में रखना |
| 14. मुँह मीठा कराना | 14. बहुत तेज़ आवाज़ से कष्ट होना |
| 15. नाम रह जाना | 15. जो चीज़ दूर से अच्छी लगती है, उसकी वास्तविकता अकसर उतनी आकर्षक नहीं होती, जितनी हम सोचते हैं। |

**प्रश्न -** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों से कीजिए:

1. मेरा मित्र अपनी __________________ है, वह डॉक्टर बनकर रहेगा।
2. ग़लत काम करने से परिवार की __________________ जाती है।
3. भगत सिंह के जाने के बाद भी आज समाज में उनका __________________ गया है।
4. अध्यापक के कक्षा से बाहर जाते ही बच्चों ने _________________________ लिया।
5. सैनिक देश के लिए ________________________ जाते हैं।
6. अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर जज साहब __________________गए कि क्या फ़ैसला लें।
7. पटाखों की आवाज़ से मेरे ______________________________________ लगे।
8. मुखिया जी ने अपने बेटे के बी० ए० पास होने पर सभी गाँववालों का __________________कराया।

9. ग़रीब परिवार को चलाने के लिए पिता को ____________________________ जाता है।

10. गड्ढे में गिर जाने पर वृद्ध व्यक्ति ने मदद के लिए __________________ लगाई।

11. उसने अपने धनी होने का नाटक करके सभी को ________________________ रखा।

12. गाँव से शहर जाने पर वहाँ की कठिन ज़िंदगी से सामना होने पर उसे पता चला कि ____ होते हैं।

13. अध्यापिका की बातें इतनी प्रभावशाली थीं कि मेरे ________________________ गईं।

14. दौड़ते-दौड़ते खिलाड़ी ________________________ हो गया।

15. परीक्षा ख़त्म होते ही उसने ___________________________ ली।

**उत्तर - मुहावरे और उनके अर्थ:** 1. जान पर खेलना (अर्थ - जीवन को संकट में डालना), 2. नाक कटना (अर्थ - अपमान होना), 3. दाँतों पसीना आना (अर्थ - बहुत कठिनाई होना), 4. आसमान सिर पर उठा लेना (अर्थ - बहुत शोर मचाना), 5. दूर के ढोल सुहावने होना (अर्थ - जो चीज़ दूर से अच्छी लगती है, उसकी वास्तविकता अकसर उतनी आकर्षक नहीं होती, जितनी हम सोचते हैं), 6. कान के परदे फटना (अर्थ - बहुत तेज़ आवाज़ से कष्ट होना), 7. मन में घर करना (अर्थ - मन में स्थायी रूप से बस जाना), 8. पशोपेश में पड़ना (अर्थ - दुविधा में पड़ना), 9. धुन का पक्का होना (अर्थ - अपने विचार पर अडिग रहना), 10. संतोष की साँस लेना (अर्थ - राहत महसूस करना), 11. गुहार लगाना (अर्थ - पुकारना / विनती करना), 12. पसीना-पसीना होना (अर्थ - बहुत थक जाना), 13. भ्रम में रखना (अर्थ - धोखा देना), 14. मुँह मीठा कराना (अर्थ - ख़ुशी के अवसर पर मिठाई खिलाना), 15. नाम रह जाना (अर्थ - व्यक्ति के बाद भी उसकी प्रसिद्धि बनी रहना)।

**उत्तर - रिक्त स्थानों की पूर्ति:**

1. मेरा मित्र अपनी **धुन का पक्का** है, वह डॉक्टर बनकर रहेगा।
2. ग़लत काम करने से परिवार की **नाक कट** जाती है।
3. भगत सिंह के जाने के बाद भी आज समाज में उनका **नाम रह** गया है।
4. अध्यापक के कक्षा से बाहर जाते ही बच्चों ने **आसमान सिर पर उठा** लिया।
5. सैनिक देश के लिए **जान पर खेल** जाते हैं।
6. अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर जज साहब **पशोपेश में पड़** गए कि क्या फ़ैसला लें।
7. पटाखों की आवाज़ से मेरे **कान के परदे फटने** लगे।
8. मुखिया जी ने अपने बेटे के बी॰ ए॰ पास होने पर सभी गाँववालों का **मुँह मीठा** कराया।
9. ग़रीब परिवार को चलाने के लिए पिता को **दाँतों पसीना आ** जाता है।
10. गड्ढे में गिर जाने पर वृद्ध व्यक्ति ने मदद के लिए **गुहार** लगाई।
11. उसने अपने धनी होने का नाटक करके सभी को **भ्रम में** रखा।
12. गाँव से शहर जाने पर वहाँ की कठिन ज़िंदगी से सामना होने पर उसे पता चला कि **दूर के ढोल सुहावने** होते हैं।
13. अध्यापिका की बातें इतनी प्रभावशाली थीं कि मेरे **मन में घर कर** गईं।
14. दौड़ते-दौड़ते खिलाड़ी **पसीना-पसीना** हो गया।
15. परीक्षा ख़त्म होते ही उसने **संतोष की साँस** ली।